शाहजहांपुर में आज गंगा एक्सप्रेस वे का शिलान्यास

शाहजहांपुर | संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जिलों से होकर गुजरने वाले 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास शनिवार को शहीदों की धरती शाहजहांपुर में करेंगे।

पीएम दिल्ली से विशेष विमान से पूर्वाह्न 11:25 बजे चलेंगे। बरेली के त्रिशूल एयरबेस पर दोपहर 12:10 बजे उतरेंगे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री एयरफोर्स के हेलीकाप्टर से दोपहर 12:50 बजे रोजा रेलवे मैदान पहुंचेंगे। यहां वे एक घंटा 20 मिनट तक रहेंगे। इस दौरान गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास कर रैली को संबोधित करेंगे।

> खुलेगी नई राह पेज 10

594 किलोमीटर है गंगा एक्सप्रेस वे की लंबाई